संक्षिप्त

युवाओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया

निवाई। राजकीय महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रथम सत्र में बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं पर नशे की बढ़ती लत विषय पर व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. सुधीर कुमार वर्मा ने कहा कि नशा युवाओं की ऊर्जा व भविष्य को नष्ट कर रहा है। युवा तनाव व बुरी संगत के कारण नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। इससे बचने के लिए सकारात्मक सोच, खेल व रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ना जरूरी है। इस दौरान मुख्यवक्ता विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई। प्राचार्य प्रोफेसर मीनाक्षी बघेल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में समाज सेवा व राष्ट्र निर्माण की भावना पैदा करती है। ऐसे शिविर चरित्र निर्माण में सहायक होते हैं। नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के नोडल अधिकारी राजेश कुमार मीणा ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ने एवं दूसरों को भी जागरूक करने का आव्हान किया। कार्यक्रम अधिकारी रूपा चौधरी ने बताया कि शिविर के द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया गया एवं परिसर की साफ-सफाई की गई। प्राचार्य ने स्वर्यसेवकों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलवाई। शिविर में सभी संकाय सदस्य व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

प्रतियोगिताएं आयोजित

निवाई। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय दत्तवास में मेरे सपनों का भारत एवं विकसित भारत पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य गोविंद सांवरिया बताया कि ऐसी सह-शैक्षिणक प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास व मौलिक विचारों को सामने लाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हित की भावना के लिए आयोजित ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहना चाहिए। जिससे हर बालक बालिकाओं में राष्ट्र हित की भावना जगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तनिषा मीणा व सोनू बैरवा, द्वितीय प्रिया मीणा, रेशमा मीणा व सपना माहवर रही एवं तृतीय स्थान पर खुशी मीणा, दिव्यांशी व कोमल मीणा रही हैं। जिनको प्रधानाचार्य गोविंद सांवरिया, उप प्रधानाचार्या नेहा चौधरी एवं व्याख्याता मुकेशकुमार मीणा ने पुरस्कृत करके सम्मानित किया। इस अवसर पर भरतलाल मीणा, राजेशकुमार नामा, पप्पूलाल मीणा व सुरेश कुमार सैनी सहित कई छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक मौजूद थे।

पावटा नगरपालिका की साधारण सभा 12 को

पावटा। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा की साधारण सभा की बैठक 12 अक्टूबर 2026, सोमवार को सुबह 11:15 बजे पंचायत समिति सभागार पावटा में आयोजित होगी। बैठक नगरपालिका अध्यक्ष मीना देवी की अध्यक्षता में होगी। नगरपालिका की ओर से जारी बैठक सूचना के अनुसार साधारण सभा में पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में वार्डों की आवश्यकताओं, प्रस्तावित विकास कार्यों और उनसे जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

पटाखों की बिक्री के लाइसेंस के लिए आवेदन शुरू

निवाई। दीपावली के त्यौहार को लेकर उपखण्ड क्षेत्र निवाई में पटाखों की बिक्री हेतु अस्थायी लाइसेंस के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उपखण्ड अधिकारी गम्भीर सिंह ने बताया कि 28 अक्टूबर से 11 नवंबर तक 15 दिनों की अवधि के लिए लाइसेंस जारी किए जाएंगे।



निवाई में पंचायत राज चुनाव को लेकर भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन

'जीताऊ व टिकाऊ उम्मीदवार को ही पार्टी का प्रत्याशी बनाया जाएगा'

समारोह में विधायक रामसहाय वर्मा ने भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।

- जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि चुनाव में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद सदस्यों को जीतने का कार्य करेंगे

निवाई। पंचायत राज चुनाव को लेकर जैन पैराडाईज में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत राज चुनाव के दावेदारों ने आवेदन प्रस्तुत किए। भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, जिला प्रभारी रामानंद गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र जयसिंहपुरा रहे। समारोह में विधायक रामसहाय वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हाल ही में हुए नगर पालिका चुनाव में प्रदेश में भाजपा के प्रचंड बहुमत के साथ नगर पालिका अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आमजन के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है। जिसको लेकर प्रदेश की जनता ने भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया है। पंचायतरात के चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह हैं। आगामी पंचायती राज चुनाव में प्रदेश में भाजपा के जिला प्रमुख व प्रधान बनाने है। जिससे कड़ी से कड़ी जुडक़र प्रदेश में नए आयाम स्थापित होंगे। जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि चुनाव में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद सदस्यों को जीतने का कार्य करेंगे। जिससे जिला प्रमुख व प्रधान भाजपा के बनेंगे। जिसके लिए संपूर्ण जिले के कार्यकर्ता एकजुट है।

जिला प्रभारी रामानंद गुर्जर ने टिकट वितरण को लेकर कहा कि पंचायतराज चुनाव में केवल जीताऊ व टिकाऊ उम्मीदवार को ही पार्टी का प्रत्याशी बनाया जाएगा। प्रत्येक पंचायतों में कई निष्ठावान दावेदार अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं, किंतु नियमानुसार पार्टी केवल एक ही योग्य कार्यकर्ता को टिकट देगी। उन्होंने कहा कि पार्टी जिसे भी प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारे, सभी को एकजुट होकर उसे जिताना है। कार्यकर्ताओं के दिन-रात के संघर्ष से ही नगर पालिका का बोर्ड बना है। मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष रमाकांत शर्मा ने किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं की जमकर भीड़ देखने को मिली। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, प्रधान रामअवतार लांगड़ी, मंडल अध्यक्ष शिवराज गुर्जर, पूर्व प्रधान ममता जाट, नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय, डांगरथल मंडल अध्यक्ष केदार दोहण, योगेन्द्रसिंह नाथावत, आशु गौड, अंकित वर्मा, देवराज गुर्जर, बुद्धराम मीणा, शंकरलाल सैनी, गणेशसिंह राजावत, नारायण यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

पावटा के 45 वार्डों में लगेंगे शिविर

पावटा। आमजन को सरकारी योजनाओं और नगरपालिका सेवाओं का लाभ त्वरित रूप से उपलब्ध कराने तथा लंबित प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण करने के उद्देश्य से नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा में 7 से 16 अक्टूबर तक सेवा सेतु अभियान-2026 आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत 45 वार्डों को अलग-अलग समूहों में बांटकर वार्डवार शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में नगरपालिका से संबंधित विभिन्न सेवाओं और समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। इनमें सफाई व्यवस्था, सीसी एवं डामर सड़कों की मरम्मत व पेचवर्क, स्ट्रीट लाइट, सार्वजनिक स्थलों का रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण, नालियों की मरम्मत, फेरोकवर एवं मैनहोल की मरम्मत, सीवर लाइन लीकेज की मरम्मत तथा आवारा पशुओं को पकड़ने से संबंधित कार्य शामिल हैं। इसके अलावा जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस, साइनेज लाइसेंस, सीवर कनेक्शन, ओएफसी एवं मोबाइल टावर एनओसी, ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र, लीज डीड से फ्री-होल्ड पट्टा सहित विभिन्न प्रकरणों पर कार्रवाई की जाएगी।

चाकसू में किशोर मेले का आयोजन

चाकसू। कस्बे के स्थानीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय किशोरी मेले का आयोजन किया गया। जिसमें सम्पूर्ण चाकसू ब्लॉक से समस्त / विद्यालयों से कक्षा 6 से 8 एवं 9 से 12 के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। प्रधानाचार्य छाया अग्रवाल ने बताया कि किशोरी मेले में विभिन्न गतिविधियों के विषय आधारित माँडन, चार्ट, प्रोजेक्ट को विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित किया गया। ब्लॉक स्तरीय इस मेले मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के वैज्ञानिक, व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देना है इस अनूठे मेले के द्वारा विषार्थियों को स्वयं करने सीखने जैसे अनुभवों को बढ़ावा देना है।

इस कार्यक्रम का शुभारंभमुख्य अतिथि विजय गोस्वामी द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में शामिल छाया अग्रवाल, रा.वा. उ. मा. वि. चाकसू रीना हाड़ा रा. उ. मा. वि. चाकसू, उपप्राचार्य पुष्पण शर्मा एवं अर्चना गुर्जर (यथा स्थान उप प्राचार्य) पवन कुमार मंगल , राकेश कुमार यादव प्रस्तुत किया गया जिसमें दृष्टि यादव और खुशी समोटा प्रथम स्थान पर रही।

भरतपुर कांग्रेस कमेटी ने पंचायत चुनाव के संबंध में ज्ञापन सौंपा

अध्यक्ष दयाचंद पचौरी, बबीता शर्मा ने उप जिला कलेक्टर भारती गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपा।

भरतपुर। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा के निर्देशानुसार आगामी पंचायत चुनाव के संबंध में भाजपा सरकार के दबाव में जिले के प्रशासन को काम नहीं करने के संबंध में उप जिला कलेक्टर भारती गुप्ता को एक ज्ञापन सोपा गया।

जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि अभी हाल ही में संपन्न जिले के निकाय क्षेत्र के मतदाता, जिन्होंने निकाय चुनावों में मतदान किया या प्रत्याशी रहे। उनमें से भाजपाई मतदाताओं एवं प्रत्याशियों द्वारा पंचायत चुनावों में चुनाव लड़ लड़ने और वोट देने के लिए सत्ता के प्रभाव में निकाय क्षेत्र से ग्रामीण क्षेत्रों में वोट शिफ्ट करवाये जा रहे हैं। जो की नियमानुसार अवैध एवं नाजायज है। इसके अलावा ज्ञापन में अभी हाल ही में संपन्न निकाय चुनावों में जिस तरीके से सत्ता और प्रशासन की मिली भगत से वोट चोरी एवं पार्षदों की चोरी करवाई गई। इसकी आगामी पंचायत चुनावों में पुनरावृत्ति नहीं हो तथा पंचायतीराज के चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी हो इसके लिए पुख्ता सुरक्षा इंतजाम प्रशासन द्वारा किए जाएं। इन सबके अलावा पूरे चुनाव के लिए अलग-अलग क्षेत्रवार निष्पक्ष अधिकारियों की मॉनिटरिंग कमेटी भी गठित की जाए।

ज्ञापन देते समय शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी, बबीता शर्मा, दीनदयाल जाटव, योगेश सिंघल सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।

खारवाल की ढाणी के ग्रामीणों ने परिसीमन को लेकर ज्ञापन सौंपा

उपखंड अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देने जाते हुए ग्रामीण।

निवाई। खारवाल की ढाणी (नदी की ढाणी) के ग्रामीणों ने ढाणी को झिलाय ग्राम पंचायत से हटाकर 20 किलोमीटर दूर स्थित करीरिया ग्राम पंचायत में शामिल करने के विरोध में उपखंड अधिकारी गंभीर सिंह को ज्ञापन सौंपा है और मांग पूरी नहीं होने पर आगामी सभी चुनावों का पूर्ण बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत के गठन के समय से ही खारोला की ढाणी झिलाय ग्राम पंचायत का अभिन्न हिस्सा रही है, जिसकी दूरी झिलाय से मात्र 2 किलोमीटर है। इस नजदीकी के कारण बुजुर्गों, महिलाओं व आम नागरिकों को पंचायत संबंधी दैनिक कार्यों के लिए आने-जाने में सुगमता रहती है।

वहीं हाल ही में हुए परिसीमन के तहत ढाणी को 20 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित करीरिया ग्राम पंचायत में जोड़ दिया गया है, जहां के लिए आवागमन का कोई सीधा रास्ता तक उपलब्ध नहीं है। इससे ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि खारवाल की ढाणी को पुन: झिलाय ग्राम पंचायत में नहीं रखा गया, तो समस्त ढाणीवासी आने वाले चुनावों का पूरी तरह बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में केदार प्रजापत, मुकेश, रमेश चन्द, राजेश कुमार, हनुमान, नाथूलाल, मंगल, गिर्राज, ओमप्रकाश, हरकेश प्रजापत, कान्हाराम, चौथमल व जगदीश सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

टोंक में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

- सभापति ने समयबद्ध तरीके से समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए

टोंक। नगर परिषद के नवनियुक्त सभापति मंयक गोयल ने जनता की समस्या के वार्ड पार्षदों के साथ मंगलवार को नंबर 50 में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में वार्डवासी पहुंचे और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को सभापति मयंक गोयल के समक्ष रखा। सभापति ने वार्डवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समयबद्ध तरीके से समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान सड़क, नाली, सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। सभापति मयंक गोयल ने अधिकारियों से कहा कि आमजन से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता से लेकर उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उपसभापति फरजाना सईद ने कहा कि वार्ड स्तर पर जनसुनवाई से आमजन को अपनी समस्याएं सीधे नगर परिषद तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए नगर परिषद स्तर पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर कार्यक्रम में कांग्रेस के कार्यकर्ता, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। इस दौरान सभापति व पार्षदों का जगह-जगह वाडवासियों ने भव्य स्वागत भी किया। इसी प्रकार सभापति ने मंगलवार को नेहरू पार्क और किदवई पार्क का निरीक्षण कर पार्क में मौजूद आमजन से बात कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। साथ ही मौके पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सभापति ने टूटे हुए झूलों की मरम्मत, खराब फव्वारों को शीघ्र चालू करवाने, आवश्यक स्थानों पर नई लाइटें लगवाने और राष्ट्रीय ध्वज लगाने के निर्देश दिए। साथ ही पार्क में नियमित स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने और शौचालयों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए भी निर्देशित किया। इस अवसर पर सभापति मयंक गोयल ने कहा- दीपावली से पहले शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना मेरा लक्ष्य है। इस लक्ष्य को पूरा करने में नगर परिषद के साथ-साथ शहरवासियों की सहभागिता भी बेहद जरूरी है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि वो स्वच्छता बनाए रखने में नगर परिषद का सहयोग करें और अपने आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

खोया पाया

मेरे मकान 31/61/5, मानसरोवर जयपुर का मूल आवंटन पत्र 21/10/2026 को वरुण पथ पर गिर/ गुम हो गए मिलने पर सूचित करें- सत्यनारायण- 9828048075

जविप्रा की आवासीय योजनाः रोहिणी नगर- का मुझे आवंटित भूखण्ड संख्याः 390 का मूल पजेशन लेटर कहीं गुम हो गया है। कृप्या मिलने पर सूचित करें: निशा मेहता, 9352536432

मेरे प्लॉट नंबर 53 श्री गणेश विहार ग्राम नेवटा तहसील सांगानेर, जयपुर जो इंदिरा विकास गृह निर्माण सहकारी समिति से लिया था उसके समस्त कागजात पट्टा, रसीद, साईट प्लान इत्यादि नेवटा से कलवाड़ा ग्राम के बीच कही गिर गये है। सूचित करें कानाराम मीणा 9602550755

मेरे मकान नंबर- 4-स-24-ए जवाहर नगर जयपुर का मूल आवंटन पत्र जयपुर में कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें- आशा गुप्ता 9983339109

मै बैजनाथ शर्मा पुत्र श्री महेन्द्र शर्मा मेरे प्लॉट नंबर-31, अमन वाटिका अजमेरा फार्म, रामपुरा रोड़, मानसरोवर, जयपुर के सोसाइटी लुनियावास गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड के मूल दस्तावेज (आवंटनपत्र, सोसाइटी की रसीद और साइट प्लान) खो गए हैं। मिलने पर सूचित करने की कृपा करें। बैजनाथ शर्मा, 9314646250

मेरे द्वारा क्रयशुदा मकान नंबर-14/MA/53, इन्दिरा गाँधी नगर, जगतपुरा का मूल भौतिक कब्जे की प्रति कही गिर/गुम हो गये है मिलने पर सूचित करें- हीरालाल 8955693100

मेरे प्लॉट संख्या 242, जयपुर पुरुषार्थी कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड, गली नंबर 3, राजा पार्क, जयपुर के असल आवंटन पत्र, ओरिजिनल रशीद, शेयर सर्टिफिकेट एवं नगर विकास न्यास जयपुर के मूल दस्तावेज कहीं गिर गए है। मिलने सूचित करें। ऐश्वर्य कालरा।9024166433

मेरे भूखण्ड संख्या 10/OBG/62 रिंग रोड बघराना योजना का मूल आवंटन पत्र कही गुम हो गया है तो मिलने पर सम्पर्क करें। हिम्मत सिंह राजपूत, मो. -9929213366

मकान नंबर 172/197 राजस्थान आवासान मंडल द्वारा जारी ग्रीन रसीद मेरे द्वारा नहीं खो गई है मिलने पर सूचना करें 8847995466

मेरे आवासान संख्या 264/227, प्रताप नगर सांगानेर नपपुर का मूल डिमांड लेटर एवं उसकी रसीद कही गिर/गुम हो गयी है मिलने पर सूचित करे- गुड्डी- 9891095699

मेरे आवास संख्या-265/104, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर का मूल डिमांड लेटर कही गिर/ गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करें- प्रीति गुप्ता - 9829078026

नाम परिवर्तन

नैरिती कच्छारा, पुत्री आशीष कच्छारा, उम्र 17 वर्ष, निवासी बी-403, आशादीप ग्रीन एवेन्यू, श्री कृष्णपुरा, तहसील, सांगानेर जयपुर (राज.) ने अपना नाम नैरिती कच्छारा से बदलकर नैरिती जैन कर लिया है। आज बाद मुझे नैरिती जैन के नाम से जाना पहचावा जावे।

मैने अपना नाम कृष्ण लाल मीणा से बदलकर कृष्ण कुमार मीणा पुत्र श्री गंगा सहाय मीणा निवासी मुख्य बाजार, तहसील बस्सी, चरणगढ़, राजपुरा, जयपुर-303305 कर लिया है, यह परिवर्तन दिनांक 29.09.2026 को मेरे विभाग के प्रमुख ने डिक्लेरेशन दिया था। भविष्य में मुझे कृष्ण कुमार मीणा के नाम से जाना जावे।

I have changed my name from Sarita to Sareeta Rani W/o Vijay Kumar R/o D-126/A, Mahaveer Marg, Ambabari, Jaipur. For all purpose.

I Prem Singh Chauhn Father of No.1362252F Rank Hav Name Sabbar Singh Chauhan Add- Vill-Dhari, PO- Devprayag, Teh- Pauri Garhwal, Dist- Pauri Garhwal, State-Uttarakhand, Pin-246001, Have Changed my Name Prem Singh Chauha to Prem Singh Vide Affidavit No-OG0008344389,jaipur Raj.Date-05.10.26

I Shanti Devi Mother of No.1362252F Rank Hav Name Sabbar Singh Chauhan Add- Vill-Dhari, PO- Devprayag, Teh- Pauri Garhwal, Dist- Pauri Garhwal, State-Uttarakhand, Pin-246001, Have Changed my Name Shanti Devi to Shanti Vide Affidavit No-OG0008344388, jaipur Raj.Date-05.10.26

I have changed my name Ritu Singh to Ritu Singh Solanki W/o Digvijay Singh Solanki R/o-500 Barket Nagar Tonk Phatak Lal Kothi Jaipur City Rajasthan-302015. For All Future Purpose

I have changed my name from Sanjay Kumar Pujari to Sanjay Sharma S/o Ram Gopal R/o 22, Shyam Nagar, Charan Nadi, Nadi Ka Fatak, Jhotwara, Jaipur. For all purpose.

I have changed my name from lokesh to lokesh chatnani r/o 5/38 malviya nagar Jaipur

I have changed my name from Ajeet gupta to ajit shah r/o s-2 fateh tiba ashok chowk jawahar nagar jaipur

I army no 14937331L Balveer singh rajput resident of plot no A-12 shiv colony kali ka khana sanganer jaipur that' i want to change my dependent name from RISHI RAJ SINGH RATHORE to RISHIRAJ SINGH RATHORE vide affidavit dated 5/10/26 before tehsildar tehsil sanganer jaipur

I army no 2873031W Ex Hav jagmal singh resident of 69 A karni nagar khirni phatak kalwar road jhotwara jaipur that i want to change name of my spouse from BHANWAR BAI to BHANWAR KANWAR vide affidavit dated, 5 oct 2026 before sub divisional magistrate jaipur city south

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा / उपा/जोन-13/2026/डी-1438 दिनांक :- 6/10/2026

सार्वजनिक विज्ञप्ति जयपुर विकास प्राधिकरण की बी. पी. सी (एल. पी.) समिति की 340वी बैठक दिनांक 11.08.2023 में लिये गये निर्णय के एजेण्डा संख्या 58 के बिन्दु संख्या 5 में एकान्त विहार में दर्शित 48 मीटर एवं 30 मीटर सड़कों का अलाईमेंट अनुसार जोनल विकास योजना-12 मे उक्त सड़को का संशोधन निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुये किया जाना प्रस्तावित है। जयपुर विकास प्राधिकरण की बी. पी. सी (एल. पी.) समिति की 340वी बैठक दिनांक 11.08.2023 मे लिये गये निर्णय की पालना मे जविप्रा की फार्महाउस योजना एकान्त विहार मे दर्शित 48 मीटर एवं 30मीटर सडको के अलाईमेंट अनुसार जोनल विकास योजना-12 मे प्रस्तावित 48 मीटर एवं 30 मीटर सड़कों का अलाईमेंट रखा जाना प्रस्तावित है। यदि उक्त प्रस्ताव पर किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो, तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के 10 दिवस की अवधि मे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय जोन-13 मे दस्तावेजो सहित आपत्ति / सुझाव प्रस्तुत करे। उक्त कालावधि मे आपत्ति / सुझाव प्राप्त नही होने पर आगामी कार्यवाही अमल मे लाई जावेगी। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 16/10/202.6 को जारी की गयी।

उपायुक्त जोन-13, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नम्बर 10/OBC/62, रिंग रोड़ परियोजना, बगराना, जयपुर, राजस्थान में स्थित है का जरिये आवंटन सह मांग पत्र क्रमांक डी - 1147, दिनांक 27/05/2023 ईस्वी को जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर से हिम्मत सिंह पुत्र श्री जसवन्त सिंह के नाम जेडीए से जारी हुआ था जो कई गुम हो गया है जिसकी रिपोर्ट एलआर नम्बर 3304911/2026 दिनांक 06.10.2026 को दर्ज करा दी गई है, उक्त प्लाट को खरीदने के लिये मेरी अभिभाष्य श्रीमती अनिता मीना पत्नी श्री प्रेमराज मीना ने SBI Bank में लोन हेतु आवेदन किया है यदि किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 7 दिवस में सम्पर्क करे।

दिनांक 06.10.2026 — सुनिल कुमार मीणा अधिवक्ता, मो. नम्बर 9929558699

सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल, KARAVAAN HOME LLP जरिये पार्टनर गौतम दुग्गड़ के निर्देशानुसार, आम जनता को सूचित किया जाता है कि निवास स्थान बदलने के दौरान (24 से 27 सितंबर, 2026) कोटक महिंद्रा बैंक की निम्नलिखित चेकबुक खो गई हैं: खाता क्र. 8345917687 (कैलगीरी रोड, मालवीय नगर शाखा): 4 चेकबुक, सीरीज 000001-000200. इनमें बिना जारी किए गए हस्ताक्षरित चेक (signed cheques) शामिल हैं: 000108, 000109, 000111, 000127, 000135, 000140, 000148, 000150, 000151, 000152, 000153, 000155, 000160, 000165, 000169, 000180, 000181, 000197, 000200. खाता क्र. 9829055757 (चौड़ा रास्ता शाखा): 3 चेकबुक, सीरीज 000001-000075. संबंधित बैंकों को सूचित कर दिया गया है। तथा इस बाबत पुलिस रिपोर्ट LR No: 3302405/2026 दिनांक 03/10/2026 को दर्ज करा दी गई है मिलने पर तुरंत अधोहस्ताक्षरी (नीचे हस्ताक्षरकर्ता) को लौटाएं। इन चेकों को अनाधिकृत रूप से अपने पास रखना, उपयोग करना, प्रस्तुत करना या इनका दुरुपयोग करना सख्त वर्जित है और ऐसा करने पर तत्काल दीवानी और आपराधिक कानूनी कार्यवाही (civil and criminal prosecution) की जाएगी।

दिनांक: 06.10.2026 — मनीष सारोलिया (एडवोकेट) मो.: 9887504078

रजिस्ट्रेशन नं. 3726/84
मैसर्स :- बनिया एण्ड खींची लवण उद्योग, जाबदीनगर तहसील नावां जिला डीडवाना-कुचामन (राज.)
आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मैसर्स बनिया एण्ड खींची लवण उद्योग, जाबदीनगर जिला डीडवाना-कुचामन (राज.) पंजीयन सं. 3726/84 है। जिसमे पूर्व में हम निम्न भागीदार थे। 1. बिदामी देवी 2. दूदाराम । इसमे से भागीदार बिदामी देवी पत्नि सुरजमल खटीक दिनांक 29.09.2026 को इस फर्म से अपनी स्वेच्छ से रिटायर हो रही है। तथा दिनांक 29.09.2026 से शारदा देवी पत्नि गोविन्द यादव व सुमन देवी पत्नि राजेन्द्र यादव को इस फर्म मे उनके सम्पूर्ण हक हिस्से के भागीदारी अभ्यंश का बहिस्सा बराबर में हस्तान्तरण कर देना चाहती है। यदि किसी को आपत्ति हो तो रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस डीडवाना-कुचामन के कार्यालय मे 7 दिन मे दर्ज करा सकते है। मियाद गुजरने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी ।

जारीकर्ता (वर्तमान एवं निवर्तमान भागीदार) मैसर्स बनिया एण्ड खींची लवण उद्योग जाबदीनगर
1. श्री दुदाराम चंदेलिया (पूर्व से शामिल भागीदार)
2. श्रीमति शारदा देवी (नये शामिल भागीदार)
3. श्रीमति सुमन देवी (नये शामिल भागीदार)
4. श्रीमति बिदामी देवी (सेवानिवृत्त भागीदार)

कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम जयपुर
नई विधानसभा के पास, लालकोठी, जयपुर)
क्रमांकःएफ()/न. नि. ज./मा. न. जोन/2026/3388

सार्वजनिक सूचना दिनांक:01/10/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर के द्वारा भूखण्ड संख्या 2 स्कीम नं. 8ए, योजना दीपक कालोनी, टोंक फाटक, जयपुर, सोसायटी प्रताप नगर गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर का पट्टा विलेख जिसका क्षेत्रफल 342.00 वर्गगज का श्री ओमप्रकाश कुमावत पुत्र श्री किस्तुर चन्द के नाम से दिनांक 02.11.2000 को जारी किया गया है। श्री ओमप्रकाश कुमावत पुत्र श्री किस्तुर चन्द के द्वारा नोटेरी प्रमाणित वसीयतनामा दिनांक 26.12.2021 के द्वारा भूखण्ड संख्या 2 स्कीम नं. 8ए, क्षेत्रफल 342.00 वर्गगज की वसीयत अपने पुत्र श्री पंकज कुमावत पुत्र श्री ओमप्रकाश कुमावत के हक मे सम्पादित की गई। मूल पट्टेधारी श्री ओमप्रकाश कुमावत पुत्र श्री किस्तुर चन्द का स्वर्गवास दिनांक 12.12.2023 को हो चुका है। आवेदक श्री पंकज कुमावत पुत्र श्री ओमप्रकाश कुमावत के द्वारा अपंजिकृत वसियत के गवाहो के शपथ पत्र एवं आई. डी. एवं अण्डरटेकिंग प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 2 स्कीम नं. 8ए, योजना दीपक कालोनी, टोंक फाटक, जयपुर, सोसायटी प्रताप नगर गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर नाम हस्तानान्तरण चाहा गया है। इस नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, मालवीय नगर जोन नगर निगम जयपुर) मे प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

उपायुक्त, मालवीय नगर जोन नगर निगम जयपुर

IN THE COURT OF THE 6TH ADDITIONAL DISTRICT JUDGE AT TUMKUR
MVC. NO: 1648/2023

PETITIONER:
Drakshyanamma and another
/ VERSUS /
RESPONDENTS:
Iraphan Khan and another
R1. Iraphan Khan S/o SH Javvar Khan
Aged about 30 years
R/o Gram Ravak, Bagodu Post
Kisan Gadh Taluk, Alwar District
RAJASTHAN STATE
Mobile No. 9829978805
(Owner of TATA LPT Lorry bearing its Reg. No: RJ-52-GA-7988)

UNDER ORDER 5 RULE 20(1)(a) OF CIVIL PROCEDURE CODE:

Whereas the applicants have instituted a claim against the respondents No.1 and another for the reliefs as sought in claim petition.
You are hereby notice to appear in this court in person or by pleader duly entrusted and able to answer all material question relating to the case **on 04/11/2026 at 11:00 A.M.**
Take notice that, in the event of case not being contested the case will heard and determined as ex-parte.
Given under my hand and seal of this court that the 03/10/2026.

By Order of this court
Chief Administration Officer
District Administration Court, Tumakuru

A.S. Chandrashekaraiah B.Sc., LL.B., Advocate,
No.7/A, Upstairs, New GMS Complex,
Opposite to KSRTC Bus stand,
Ashoka Road, Tumakuru.

उत्तर पश्चिम रेलवे
खुली निविदा
सं. एस एण्ड टी प्रोजेक्ट
जेपी–2026–27–03 दि: 01.10.2026

उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/परियोजना/जयपुर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से खुली निविदा सं. एस एण्ड टी–प्रोजेक्ट जेपी 2026–27–03 जिसकी बंद होने की तिथि 02.11.2026 समय 15:00 बजे तक का ऑन लाईन ई–टेण्डर आंमत्रित किया जाता है। कोई भी मैनयुअल टेण्डर संबंध में स्वीकार नहीं किया जावेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है उसको देखा नहीं जावेगा। **क्र. 1. कार्य का नाम एवं लोकेशन:** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के गांधीनगर (जयपुर) स्टेशन पर मौजूदा पैनल इंटरलॉकिंग (PI) के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (EI) की व्यवस्था करना तथा निकटवर्ती अनुभागों के स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग (ABS) के साथ इंटरफेसिंग का प्रावधान। **2. अनुमानित लागत:** रूपये 102234194.30/–; **3. धरोहर राशि रूपये:** रूपये 2044700.00/–; **4. टेण्डर जमा करने की अंतिम तारीख:** 02.11.2026 15:00 बजे तक। **5. वेब साईट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन:** www.ireps.gov.in or उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/परियोजना/ जयपुर ऑफिस

1427-AM/26

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे
पत्र सं-WB-74-W-O/Works/NIT/X
दिनांक: 29.09.2026
ई–निविदा आमन्त्रण सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक, इंजीनियरिंग, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई–निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है– **ई–निविदा सूचना सं. 2026–27:** 162 of 2026-27, **कार्य का नाम व स्थान:** Reconditioning of CMS Crossing (using Robotic Weding Machine and tongue rail of points (Using H3C electrodes) in the section of ADEN/MTD, **अनुमानित लागत ₹:** 29,14,864.50, **बयाने की राशि ₹:** 58,300.00; **ई–निविदा सूचना सं. 2026–27:** 163 of 2026-27, **कार्य का नाम व स्थान:** Replacement of 0.61 mt. multiple span bridges (06 nos bridges) by RCC box bridge in DNA-MTD section in the Jurisdiction of DEN/North, **अनुमानित लागत ₹:** 1,79,93,548.77, **बयाने की राशि ₹:** 3,59,900.00; **ई–निविदा सूचना सं. 2026–27:** 165 of 2026-27, **कार्य का नाम व स्थान:** MISCELLANEOUS TRACK WORK IN THE JURISDICTION OF ADEN/MTD, **अनुमानित लागत ₹:** 3,08,37,800.24, **बयाने की राशि ₹:** 6,16,800.00; निविदा सूचना संख्या 162 of 2026-27 (निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 22/10/2026 को 15:00), 163 of 2026-27 (निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 20/10/2026 को 15:00), 165 of 2026-27 (निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 19/10/2026 को 15:00) बजे तक है। वेबसाईट का विवरण जहाँ पर ई–निविदा देखी व भरी जा सकती है – www.ireps.gov.in

1424-PH/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे — आवश्यक सूचना

सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि खातीपुरा–जगतपुरा स्टेशनों के मध्य फाटक संख्या–214 (सी बी आई फाटक) ट्रैक मरम्मत कार्य के लिए दिनांक 07.10.2026 को सुबह 7:00 बजे से शाम 17:00 बजे तक पूर्णरुप से बन्द रहेगा, असुविधा के लिए खेद है।

हमें /NWRailways पर फॉलो करें 1437-AM/26

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगरपरिषद् कुचामन सिटी
Email : eo.mcorp.kuchaman@rajasthan.gov.in
munibkcity@gmail.com
फोन नं. 01586-220022
01586-221526

क्रमांक :– न.प.कु./2026–27/4481 दिनांक :– 06.10.2026

लोक सूचना

निम्न लिखित आवेदको द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर–कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :–

क्र. सं.	आवेदक का नाम	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
1.	श्रीमती सुखी देवी पत्नी ईश्वरलाल जाति रेगर	तहसील कुचामन सिटी, जिला डीडवाना–कुचामन	सरगोठ	1478/872	1.5100 Hq.

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90–क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर–भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर–भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 06.10.2026 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
आयुक्त नगरपरिषद् कुचामन सिटी